bida
BHIWADI INTEGRATED DEVELOPMENT AUTHORITY

# भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण

,च–5,भगत सिंह कॉलोनी,भिवाडी,अलवर

दूरभाष: 01493230819ई–मेल: bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in

क्रमांकः 6967-75/2022 दिनांक : 22/11/2022

## बैठक कार्यवाही विवरण

भिवाडी एकीकृत विकास प्राधिकरण (बीडा) की लोक निर्माण समिति की 11वीं बैठक दिनांक 22.11.2022 को सांय 12:15 बजे मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाडी की अध्यक्षता में सभागार बीडा भिवाडी में सम्पन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित सदस्यो ने भाग लिया एवं बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.स. | पद नाम | समिति पदाधिकारी | उपस्थित अधिकारी का नाम व पद |
|---|---|---|---|
| 1. | महाप्रबन्धक (सिविल) रीको | विशिष्ट आंमत्रित सदस्य | श्री विजय गुप्ता, महाप्रबन्धक (सिविल) रीको |
| 2. | मुख्य नगर नियोजक, एन.सी.आर. | सदस्य | श्री प्रसुन चर्तुवेदी, STP NCR प्रतिनिधि के रूप में |
| 3. | अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जन स्वाथ्य अभियांत्रिकी | सदस्य | प्रतिनिधि के रूप में श्रीमति प्रियंका नागौरी, सहायक अभियन्ता, जन स्वाथ्य अभियांत्रिकी |
| 4. | अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलवर | सदस्य | प्रतिनिधि के रूप में श्री भूरी सिंह, अधिशाषी अभियन्ता |
| 5. | अधीक्षण अभियन्ता, बीडा भिवाडी | सदस्य सचिव | श्री तैय्यब खान , अधीक्षण अभियन्ता, बीडा भिवाडी |
| 6. | वरिष्ठ लेखाधिकारी, बीडा भिवाडी | सदस्य | श्री दीपक यादव वरिष्ठ लेखाधिकारी, बीडा भिवाडी |
| 7. | उप नगर नियोजक, बीडा भिवाड़ी | सदस्य | श्रीमति ईशिता जे. कुमार उप नगर नियोजक, बीडा भिवाड़ी |

सर्वप्रथम बैठक में सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं बैठक में पधारे समस्त माननीय सदस्यो का स्वागत करते हुये अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्राधिकरण में गठित लोक निर्माण समिति के समक्ष रखे गये बिन्दुओं का निम्नानुसार विवरण प्रस्तुत किया :–

22/11/2022

1. अलवर बाईपास सड़क (SH-25) के चौड़ाईकरण एवं सौन्दर्यकरण के अर्न्तगत आ रही स्थापित LT व HT (11 KV व 33 KV) विद्युत लाईनो की शिफ्टिंग व भूतिगत करने वास्ते निविदा दर स्वीकृति बाबत्।

भिवाड़ी (अलवर) राजस्थान राज्य का सबसे वड़ा औद्योगिक केंद्र है जो जिले के एनसीआर क्षेत्र में स्थित है। भिवाड़ी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सिर्फ 60 किमी और राज्य की राजधानी जयपुर से 200 कि.मी. पर स्थित है। दिल्ली से इसकी निकटता के कारण भिवाड़ी एनसीआर क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है, जिसकी वर्तमान आवादी लगभग 3.0 लाख से अधिक है। अधिकांश बड़े उद्योग भिवाड़ी–अलवर रोड पर स्थित हैं, जिससे भीड़भाड़ और भारी यातायात का आगमन होता है। भिवाड़ी की अधिकांश आवासिय आवादी अलवर वाईपास लिंक रोड पर भी रहती है। वर्तमान में अलवर बाईपस रोड फोर लेन है। जिसपर यातायात का काफी दबाव होने के कारण आये दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।

इस भिवाड़ी–अलवर बाईपास रोड पर भारी ट्रैफिक और भीड़भाड़ के कारण लिंक रोड के चौड़ाईकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य राशि 37.86 करोड़ रूपये का प्रगतिरत है। जिसकी लम्बाई 4.1 कि.मी. है। इसमे 130 से अधिक ट्रांसफार्मर के साथ इस सड़क के दोनो ओर 11 केवी व 33 केवी लाईनें गुजर रही हैं। बाईपास सड़क की लम्बाई में दोनो ओर मुख्य बड़ी आवासिय व व्यावसायिक गतिविधियाँ है। 11 केवी और 33 केवी लाईन व ट्रांसफार्मर को सड़क के चौड़ाईकरण के कारण शिफ्ट किये जाने की आवश्यकता है तथा दुर्घटनाओं और आग के खतरों से बचने के लिए भूमिगत केबल बिछाये जाने अति–आवश्यक है।

इस लिंक रोड को सिक्स लेन और सर्विस लेन के साथ सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट के साथ प्रस्तावित किया गया है– इसलिए प्रतिबंधित आरओडब्ल्यू के कारण सड़क के दोनों ओर अवस्थित विद्युत लाईनो को शिफ्ट करने हेतु साईट का निरीक्षण अधीक्षण अभियन्ता (पावर) रीको, अधिशाषी अभियन्ता (पावर) रीको, अधिशाषी अभियन्ता (HTM) जयपुर डिस्कॉम भिवाड़ी, सहायक अभियन्ता (HTM) जयपुर डिस्कॉम भिवाड़ी, सहायक अभियन्ता (पावर) रीको, जयपुर द्वारा किया गया। उक्त अवस्थित विद्युत लाईनो को साईट की स्थिति के अनुसार भूमिगत सिस्टम से शिफ्ट किये जाने का संयुक्त रूप से निर्णय लिया गया। इस 4.1 किमी लम्बाई में 11 केवी और 33 केवी लाईनों को स्थानांतरित करने की कुल अनुमानित लागत रू 1271.00 लाख है। उक्त तकमीना राजस्थान पी.डब्ल्यू.डी. बीएसआर इलेक्ट्रिकल 2022 पर आधारित हैं।

इस कार्य की ऑनलाईन निविदा संख्या 15/2022–23 दिनांक 07.10.2022 को जारी की गयी। प्रथम कवर में पाँच निविदा प्राप्त हुई, परन्तु मैसर्स एच.पी. बिल्डर प्र0 लि0 एवं मैसर्स रियल पावर युटिलीटी को नॉन–रिस्पोंसिव पाया गया। तत्पश्चात् शेष तीन सवेंदको की तकनीकी बिड दिनांक 07.11.2022 को खोला गया, जिसमें तीन निविदायँ मैसर्स एम.एम.ब्रर्दस, मैसर्स सनसीटी ऊर्जा प्र0 लि0 तथा मैसर्स एम.आर.आर. इलेक्ट्रिकल एण्ड कांट्रेक्टर प्र0 लि0 की तकनीकी बिड उपापन समिति द्वारा रस्पोंसिव पाये जाने पर वित्तीय बिड दिनांक 10.11.2022 को खोली गई। वित्तीय बिड में G-Schedule (BOQ-I) व H-Schedule (Non-BSR items) पर प्राप्त दरें निम्नानुसार है :–

| Sr. No. | Name of Agency | G-schedule BoQ-I | H-Schedule Amount (Non-BSR) | Grand Total in Rs. | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M/s M.M. Brothers | 41.11 % Below (74811458.59) | 100000.00 | 74911458.6 | L1 |
| 2 | M/s MRR electricals and contractors pvt. ltd. | 25.20 % Below (95022874.89) | 300000.00 | 95322874.9 | L2 |
| 3 | M/s Suncity Urja Private Limited | 9.95 % Below (114395854.06) | 1000000.00 | 115395854.0 | L3 |

ऑनलाईन निविदा संख्या 15/2022–23 दिनांक 07.10.2022 में प्राप्त तीन निविदाओं में over all lowest सवेंदक मैसर्स एम.एम.ब्रर्दस है।

अतः निविदा दर में I[st] over all lowest निविदादाता मैसर्स एम.एम.ब्रर्दस की दर 41.11% Below on PWD Elec. BSR 2022 में राशि रू. 74811458.59 रूपये एवं H-Schedule दर 100000.00 रूपये प्रति जॉब राशि रू 100000.00 रूपये कुल राशि रू (74811458.59+100000.00= **74911458.6**) रूपये स्वीकृति वास्ते प्रकरण लोक निर्माण समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

*निर्णयः–*

समिति द्वारा प्रकरण मे विस्तृत विचार विमर्श किया गया। मैसर्स एम.एम.ब्रर्दस की दर 41.11% Below on PWD Elec. BSR 2022 में राशि रू. 74811458.59 रूपये एवं H-Schedule दर 100000.00 रूपये प्रति जॉब राशि रू 100000.00 रूपये कुल राशि रू (74811458.59+100000.00= **74911458.6**) रूपये निविदा दर स्वीकृति प्रदान करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।

**2. अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से: –**

अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से अलवर बाईपास सडक (SH-25) का चौडाईकरण एवं सौन्दर्यकरण के कार्य की प्रगति के क्रम मे लोक निर्माण समिति के समक्ष विचार विमर्श किया गया। संवेदक द्वारा किये जा रहे cement concrete के कार्य मे mix material RMC plant से साईट पर लाये जा रही concrete को plant से निकलने के 1 घण्टे की अवधि के अन्दर Laying कर सभी activities पूरी कर ली जावे तथा concrete mix साईट पर 1 घण्टे के पश्चात तक भी activities पूरी नहीं होती तो उस परिस्थिति मे संवेदक द्वारा concrete mix उपयोग मे नही लेने का सर्वसम्मति से समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

**तत्पश्चात सह धन्यवाद बैठक समाप्त की गई।**

**अधीक्षण अभियन्ता एवं सदस्य सचिव**
**भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण,**
**भिवाडी**

क्रमांकः दिनांक :

**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–**

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय।
2. श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाडी।
3. श्रीमान मुख्य नगर नियोजक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, जयपुर।
4. श्रीमान मुख्य अभियन्ता, नगरीय विकास विभाग, जोन अलवर।
5. श्रीमान महाप्रबन्धक (सिविल) रीको, जयपुर।
6. श्रीमान अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अलवर।
7. श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलवर।
8. वरिष्ठ लेखाधिकारी, बीडा भिवाडी।
9. वरिष्ठ/उप नगर नियोजक, बीडा भिवाडी।

**अधीक्षण अभियन्ता एवं सदस्य सचिव**
**भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण,**
**भिवाडी**